शिक्षा अनुदान परिषद द्वारा किया जाएगा। अब तक इन संस्थानों के वित्तपोषण का काम यूजीसी आदि कई एजेंसियां करती थीं। वहीं सामान्य शिक्षा परिषद पाठ्यचर्या और शिक्षण से जुड़े मामले देखेगी। इनके नवीकरण की जिम्मेदारी भी इसी की होगी। इससे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों को मौजूदा अलग-अलग नियामक संस्थाओं के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी एवं ये शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में तत्पर होंगे। औपनिवेशिक काल से ही जनसंख्या के अनुपात में उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या एवं गुणवत्ता की दृष्टि से भारत की स्थिति सुखद नहीं है। यहां लगभग एक हजार विश्वविद्यालयों एवं 40 हजार कालेजों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के अनुपात में यह बहुत सीमित है।

भारत में उच्च शिक्षा क्षेत्र के विस्तार और विकास की बहुत आवश्यकता एवं असीम संभावनाएं हैं। उच्च शिक्षा आयोग इस कमी को पूरी कर सकता है। इस आयोग के पास शैक्षणिक गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा स्तरहीन और कागजी संस्थानों को बंद कराने की शक्ति भी होगी। हालांकि इस आयोग की सीमा यह है कि इस आयोग में विधि तथा चिकित्सा से जुड़े उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल नहीं किया गया है। इसके साथ ही उपरोक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सरकार को उच्च शिक्षा तंत्र में भारी निवेश करने की भी आवश्यकता होगी। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन भी अनुसंधान की दशा एवं दिशा को बदलने की एक उल्लेखनीय पहल है। यह फाउंडेशन गणित, प्राकृतिक विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि तथा मानविकी और सामाजिक विज्ञान की अंतर्क्रिया और अभिक्रिया को संभव करेगा। यह अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता के लिए रणनीतिक दिशा एवं आवश्यक संसाधन और ढांचागत सुविधाएं प्रदान करने वाला देश का सर्वोच्च निकाय होगा। आज यदि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तिरंगा लहरा रहा है तो यह भारतीय विज्ञानियों की गंभीर अनुसंधान-वृत्ति का परिणाम है। भारत की प्राचीनतम अनुसंधान-वृत्ति का पुनराविष्कार, प्रोत्साहन इस फाउंडेशन के ध्येय हैं। संसाधनों की कमी और लालफीताशाही को समाप्त करके और अनुसंधान को समाज और उद्योग जगत से जोड़कर ही भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है।

---

बिज़नेस स्टैंडर्ड

***Date:25-09-23***

# आखिर क्या चाहते हैं भारतीय सिख?

**शेखर गुप्ता**

अगर मुझे 10 मिनट के लिए कोई दैवीय शक्ति मिल जाती और मैं आपसे अपने पीछे कुछ दोहराने को कह पाता तो मैं आपसे तीन बार यह दोहराने को कहता:

खालिस्तान आंदोलन, स्वप्न या विचार जैसी कोई चीज नहीं है। भारत में तो बिल्कुल नहीं। कनाडा के ब्रैम्पटन में जो होता है वह कनाडावासियों की समस्या है।

कोई भी, कम से कम भारतीय पंजाब में तो कोई भी नहीं चाहता कि सन 1978 से 1993 के बीच जैसे खूनी दिन वापस आएं। खासकर 1983 से 1993 जैसा खतरनाक दशक। भारतीय सिख भारत के बारे में कैसा सोचते हैं? 2021 के प्यू रिसर्च सेंटर सर्वे के आंकड़ों पर नजर डालिए जिनके मुताबिक भारत के 95 फीसदी सिख इस देश पर गर्व करते हैं। राष्ट्रवाद पर किसी समुदाय का एकाधिकार नहीं है। फिर चाहे वह कितना भी छोटा या बड़ा क्यों न हो, देश को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर प्रश्न नहीं किया जा सकता है।

पंजाब में राजनीति जीवित, जीवंत और विश्वसनीय है। लोग लगातार बड़ी तादाद में मतदान करते हैं और अपनी सरकार बदलते हैं। वहां उभरती काली ताकतों के लिए कोई राजनीतिक या भावनात्मक निर्वात नहीं है। खासकर कनाडा में उभरी ऐसी ताकतों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। जब पंजाबी अपने हालात से नाखुश होते हैं तो वे अपनी सरकार को बदल देते हैं। वे सत्ता बदलने के लिए जस्टिन ट्रुडो या गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे लोगों से मदद नहीं मांगते।

चौथी और सबसे महत्त्वपूर्ण बात जो मैं आपसे दोहराने के लिए कह सकता हूं वह है:

मुझे भारत के सिखों की देशभक्ति और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता पर कभी प्रश्न नहीं करना चाहिए। कभी भी नहीं क्योंकि कुछ सैकड़ा अपराधियों के बल पर कभी क्रांति नहीं होती।

इन बातों के साथ ही हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि दिक्कतें भी हैं। आज पंजाब में व्यापक गुस्सा और हताशा है, खासकर सिखों के बीच। यह बढ़ती धार्मिकता और रूढ़िवादिता, देशभक्ति की नई परिभाषाओं और परीक्षणों में भी जाहिर होता है जिनसे उन्हें गुजरना पड़ता है। खासतौर पर सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों पर। एक खतरनाक अलगाव नजर आ रहा है। हालांकि यह अलगाव उनके देश से नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति को लेकर है।

देश के तटवर्ती इलाकों की औद्योगिक प्रगति के समक्ष पंजाब का आर्थिक पराभव वहां के लोगों में हताशा और नाराजगी लाने वाला है और इसे आसानी से समझा जा सकता है। हम पहले भी इस स्तंभ में इस विषय पर बात कर चुके हैं। जब कोई राज्य 20 वर्ष की अवधि में नंबर एक (एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों में) से नंबर 13 पर पहुंच जाता है तो यह बात न केवल वहां के लोगों को आर्थिक रूप से दुख पहुंचाती है बल्कि उनके आत्म सम्मान को भी क्षति पहुंचाती है। यह एक रसूखदार समुदाय के लिए खासा दुखद है।

पंजाब कृषि संबंधी जाल में उलझ गया है जबकि कई अन्य बड़े राज्यों ने उद्योगों और सेवाओं खासकर आईटी सेवाओं के बल पर इस जाल को काटा है।

इसे बेहतर ढंग से समझने के लिए, हमें सिख प्रवासियों पर करीबी नजर डालनी होगी, खासकर कनाडा में रहने वाले सिखों पर। पिछले संपूर्ण आंकड़े वर्ष 2020-21 के लिए उपलब्ध हैं और उस वर्ष भारत को करीब 80.2 अरब डॉलर मूल्य की राशि विदेशों से प्रेषित की गई।

इसमें 23.4 फीसदी हिस्सेदारी के साथ अमेरिका सबसे ऊपर था। उसके बाद क्रमश: संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, सिंगापुर, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और कतर का नंबर था। आपको लगा होगा हम कनाडा को भूल गए क्योंकि वहां तो इतनी बड़ी तादाद में खुशहाल पंजाबी समुदाय रहता है।

आंकड़े आपको हमारे पंजाब और कनाडा के कई छोटे पंजाबों की राजनीति और वहां के गहरे संकट से रूबरू कराएंगे। कनाडा में करीब 10 लाख पंजाबी हैं जिनमें आठ लाख सिख हैं और वहां से धन भेजने वालों की सूची में उनका स्थान 12वां है। वे हॉन्गकॉन्ग, ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया से भी पीछे हैं। यह राशि कुल आंकड़े का 0.6 फीसदी है।

इससे दो बातें पता चलती हैं। पहली यह कि कनाडा के सिख अभी भी कम वेतन वाले रोजगार में हैं या उनका छोटामोटा कारोबार है और वे इतना नहीं कमाते कि धन वापस भारत भेज सकें। यानी कौशल और रोजगार की मूल्य श्रृंखला में पंजाब देश के दक्षिण और पश्चिम में स्थित राज्यों से पीछे छूट गया है। पंजाब अजीब विडंबना में फंस गया है। वहां के लोग गरीब नहीं हैं। गरीबी के आंकड़ों में वह देश में सबसे नीचे स्थित राज्यों में है। बहरहाल, उसकी अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। कई बार कृषि उपज अच्छी होती है लेकिन युवा खेती नहीं करना चाहते हैं।

ऐसे में वहां हिंदी प्रदेश से सस्ते श्रमिक आयात किए जाते हैं जो मुख्य रूप से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आते हैं। इन्हें पंजाब में 'भैया' कहकर पुकारा जाता है। इसके साथ ही पंजाब के युवा कनाडा जाने के लिए अपने कई वर्ष बरबाद करते हैं। इस सिलसिले में वे अपने परिवार की बचत खर्च करते हैं, चोरी करते हैं या उधार लेते हैं और वहां जाकर वे वैसी ही नौकरियां करते हैं जिनके लिए वे पंजाब में उत्तर प्रदेश-बिहार के लोगों को काम पर रखते हैं।

कनाडा में बसे पंजाबियों की आय तो कम है ही साथ ही वे देश में कम धनराशि इसलिए भी भेजते हैं कि वे इसके लिए अनौपचारिक माध्यमों का इस्तेमाल करते हैं। यह पैसा भी परिवार के अन्य सदस्यों को कनाडा भेजने के क्रम में वापस कनाडा चला जाता है। ऐसे काम के लिए चेक या बैंक से पैसा नहीं दिया जाता। पंजाब में 1993 में शांति स्थापना हुई थी और ऐसी हुई कि पंजाब किसी भी हिंदी भाषी राज्य की तुलना में अधिक शांत और सुरक्षित है। अगर वहां के लोग अब तक वास्तविक शांति की कीमत नहीं समझे हैं तो यह राजनीतिक वर्ग की भारी विफलता है।

इससे गुस्सा और हताशा उत्पन्न होती है। इससे भी अधिक परेशान करने वाली बात है राष्ट्रीय राजनीति और उसमें सिखों की जगह को लेकर आशंका। सिख न केवल खुद को हाशिये पर महसूस कर रहे हैं, खासकर भारतीय जनता पार्टी-अकाली दल गठबंधन टूटने के बाद, बल्कि वे भाजपा, हिंदुत्व के उभार और हिंदू राष्ट्र की बढ़ती मांग से भी नाराज हैं।

पंजाब में किसी भी युवा या बुजुर्ग से अगर आप पूछेंगे कि क्या वे खालिस्तान चाहते हैं तो लगभग हर व्यक्ति इनकार करेगा, बशर्ते कि कोई आपकी टांग न खींचना चाहता हो। उसके बाद उनसे पूछिए कि वे खालिस्तान का नारा बुलंद करने वालों को विरोध क्यों नहीं करते।

अगर आप पंजाब के गांवों-गलियों में ऐसे सवाल करेंगे तो जल्दी ही कोई आपसे प्रतिप्रश्न करेगा: अगर लोग हिंदू राष्ट्र की बात कर सकते हैं तो सिख राष्ट्र की बात से इतनी नाराजगी क्यों? अगर आप धर्म के नाम पर एक राष्ट्र बना सकते हैं तो दूसरा क्यों नहीं?

शक्तिशाली भाजपा का उभार, सिखों खासकर पंजाबी सिखों के प्रतिनिधित्व की कमी, अकाली दल का अलग-थलग पड़ना और उनकी नजर में मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने ने पंजाब पर गहरा असर डाला है। अगर इसे नकारना आपको सहज करता है तो आप ऐसे रह सकते हैं लेकिन लंबे समय तक नहीं।

याद कीजिए कैसे गुरुग्राम के सिखों ने पार्कों में नमाज पढ़ने से रोके गए मुसलमानों को अपने गुरुद्वारों की पेशकश की थी या फिर कैसे दिल्ली के बाहरी इलाकों में किसान आंदोलन के दौरान मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने सिख किसानों के लिए लंगर आयोजित किए थे। अगर भाजपा मानती है कि सिख अभी भी मुस्लिमों के विरुद्ध हैं और वे महान सिख गुरुओं या विभाजन के दौर की भावना अब तक पाले हुए हैं तो वे गलत हैं।

सिखों को लगता है कि हिसाब बराबर हो गया है और अब उन्हें कोई खतरा नहीं महसूस होता है। इसके अलावा केवल धर्म उनकी पहचान का इकलौता निर्धारक नहीं है। भाषा और संस्कृति भी है। पाकिस्तान में पंजाबियों के बहुमत से वे काफी समानता रखते हैं लेकिन अगर पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत पर हमला किया तो क्या वे मोर्चे पर सबसे आगे नहीं दिखेंगे? दिखेंगे। हिंदुओं के साथ भी उनमें बहुत समानताएं हैं, लेकिन ध्रुवीकृत भारत में उन्हें हिंदुओं में गिनना भूल होगी।

भारतीय सिखों में से 77 फीसदी पंजाब में रहते हैं। प्यू सर्वेक्षण में कहा गया है कि 93 फीसदी सिखों को पंजाब में रहने पर गर्व है और 95 फीसदी को भारतीय होने पर गर्व है। 10 में से 8 सिख सांप्रदायिक हिंसा को एक बड़ी समस्या मानते हैं। हिंदुओं और मुस्लिमों में से केवल 65 फीसदी ऐसा मानते हैं। इसे भाजपा आरएसएस की राजनीति की विफलता माना जाएगा कि वे पंजाब में निराशा और हताशा में इजाफा कर रही इस भावना को समझ नहीं पा रहे हैं। कनाडा में रह रहे भगोड़े इसका लाभ ले रहे हैं।

---

***Date:25-09-23***

# कनाडाई सियासत में सिखों की अहमियत

**देवांशु दत्ता**

साठ के दशक में ब्रिटिश सरकार एक सनसनीखेज स्कैंडल से हिल उठी। युद्ध के लिए मंत्री ( दूसरे शब्दों में कहें तो रक्षा मंत्री) जॉन प्रोफ्यूमो क्रिस्टीन कीलोर नाम की मॉडल के साथ दोस्ताना थे और इस मॉडल की सोवियत नौसेना के अताशे कमांडर वैलेरी इवानोव से दोस्ती थी।

कीलोर की प्रोफ्यूमो से पहली मुलाकात सत्तारूढ़ पार्टी के एक अन्य राजनेता लॉर्ड एस्टर के घर पर हुई। उसकी मैंडी राइस डेवीज से भी दोस्ती थी। मैंडी भी एक मॉडल थी जिसके साथ वह रहने की जगह यानी क्वार्टर शेयर करती थी। मैंडी के लॉर्ड एस्टर के साथ 'दोस्ताना' ताल्लुक थे।

लेकिन ये सब आरामदेह 'दोस्तियां' तब सबके सामने आ गई जब ब्रिटिश खुफिया तंत्र ने इन संपर्कों को गैर-जरूरी बताया। राइस डेवीज और कीलोर के अकाउंटेंट स्टीफन वार्ड को जेल भेज दिया गया। उन पर 'वेश्यावृत्ति की कमाई पर निर्भर रहने' का आरोप लगाया गया। स्टीफन के मुकदमे के दौरान गवाही के घेरे से राइस डेवीज ने एस्टर के साथ संबंधों का दावा किया लेकिन एस्टर ने इससे इनकार किया। राइस का जवाब बड़प्पन जैसा था: ' हां, वह इससे इनकार करेंगे। नहीं करेंगे क्या?

हाल में जब भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद ने तूल पकड़ा तो मुझे इस किस्से की याद आई। कनाडा के आरोप सच हैं या नहीं, भारत के पास इनका आधिकारिक तौर पर खंडन करने के सिवा कोई चारा नहीं था। साथ ही यह भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत और कनाडा के बीच लंबे समय से मौजूद संबंधों को देखते हुए कनाडाई बिना किसी सबूत के, जिसके बारे में उनका मानना है कि वह मजबूत है, इस तरह का सार्वजनिक आरोप नहीं लगाते। ताजा खबरों में दावा किया गया है कि कनाडा ने आरोप लगाते समय मानवीय और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह के सबूत पेश किए।

आरोपों और खंडन को दरकिनार करके देखें तो घरेलू राजनीतिक और भू-राजनीतिक मजबूरियां बेहद दिलचस्प हैं। कोई भी देश इसे पसंद नहीं करता कि दूसरा देश उसकी सार्वभौमिक हैसियत की उपेक्षा करके उसके किसी एक नागरिक को निशाना बनाए और गैर-कानूनी तरीके से उसकी हत्या कर दे। इसके साथ यह भी सच है कि कोई भी देश आधिकारिक तौर पर इसे स्वीकार नहीं करेगा कि उसने ऐसी किसी कार्रवाई को अंजाम दिया है, भले ही उसने हकीकत में ऐसा किया हो या नहीं।

ये हालात दशकों से सुलग रहे थे। दोनों देशों की गहरी घरेलू मजबूरियां हैं जिनके कारण यह गतिरोध बना। भारत कनाडा पर लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि वह खालिस्तानी आतंकवादियों और उनसे हमदर्दी रखने वालों को शरण देता है। कनाडा अभिव्यक्ति की आजादी के अपने कानून का हवाला देता है और कहता है कि भारत सीधे-सीधे यह मांग नहीं कर सकता कि कनाडाई नागरिकों को खालिस्तान समर्थक भावनाएं जाहिर करने से रोका जाए।

भारत ने करीब 20 कनाडाई लोगों के प्रत्यर्पण का अनुरोध कर रखा है जिनके बारे में उसका आरोप है कि वे खालिस्तानी हैं (निंजा के अलावा) जबकि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि है। लेकिन भारत कनाडा की अदालत को इनके प्रत्यर्पण का आदेश देने के लिए तैयार नहीं कर सका।

समुदाय की आबादी के आंकड़े संकेत देते हैं कि भारत की तुलना में कनाडाई आबादी में सिखों का ज्यादा बड़ा प्रतिशत है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल आबादी 1.21 अरब में लगभग 2.1 करोड़ सिख थे जो देश की कुल आबादी का 1.7 फीसदी थे। सिख समुदाय की घटती कुल प्रजनन दर को देखते-हुए बहुत संभव है कि इस प्रतिशत में और कमी आई हो।

2021 की जनगणना के अनुसार कनाडा की आबादी करीब 3.7 करोड़ थी और इसमें 7.70 लाख सिख होने का दावा किया गया। यह दो प्रतिशत से अधिक है जो भारत के प्रतिशत से ज्यादा है। इसके अलावा 5 लाख कनाडाई नागरिक और हैं जो भारतीय मूल के हैं। साथ ही, करीब 3 लाख भारतीय छात्र और हैं जो इस समय वहां अध्ययन कर रहे हैं।

भारत की तरह कनाडा में भी दो सदन वाली संसद है। निचले सदन का निर्वाचन सामान्य बहुमत की प्रणाली से किया जाता है। इस सदन में 338 सीट हैं। इस समय सिख मूल के18 कनाडाई सांसद हैं। भारत में लोकसभा की 543 सीट हैं और कुल पांच निर्वाचित सिख हैं।

लिहाजा, राजनीतिक रूप से देखें तो सिखों का भारत की तुलना में कनाडा में ज्यादा घरेलू दबदबा है और अधिक बड़ा चुनावी प्रतिनिधित्व है। सामान्य बहुमत की प्रणाली में कोई भी राजनेता इस स्तर के प्रतिनिधित्व वाले समुदाय की चिंताओं को न तो हलके ढंग से ले सकता है और न ही अनदेखी कर सकता है। बहुमत के लिहाज से जस्टिन ट्रूडो की स्थिति कमजोर है और उनकी अपनी लिबरल पार्टी के 158 ही सांसद हैं।

ऐसे में वह तो किसी भी हालत में ऐसा नहीं कर सकते हैं। भारत के लिए यह अच्छा दौर है और कूटनीतिक रूप से उसकी साख बढ़ी हुई है। हमारे राजनेता दावा भी करते हैं कि विशाल देसी भारतीय प्रवासियों के कारण भारत की अधिक पहुंच है और वह सॉफ्ट पावर है। यह आबादी कई देशों में बेहद सफल रही है। हालांकि सॉफ्ट पावर के अपने फायदे भी हैं तो नुकसान भी।

---

जनसत्ता

***Date:25-09-23***

# उन्माद की भाषा

**संपादकीय**

नफरती बयानों पर सख्त रुख दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय कई मौकों पर इसे रोकने का निर्देश दे चुका है, मगर स्पष्ट है कि राजनेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तो शायद सार्वजनिक मंचों पर भाषा की मर्यादा का भी खयाल रखने की जरूरत नहीं समझी जाती। इसी का नतीजा है कि सड़क की भाषा उठ कर संसद में पहुंच गई। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में अपने ही साथी, बसपा सांसद के बारे में जैसे अपमानजनक और अशोभन शब्दों का इस्तेमाल किया, वैसा अब तक कभी नहीं किया गया। इसे लेकर स्वाभाविक ही विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं। बिधूड़ी के भाषण का वह अंश चौतरफा प्रसारित है और उसे देख-सुन कर साफ लगता है कि उन्हें संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में कोई अंतर महसूस नहीं होता। संसद की अपनी मर्यादा है, उसके नियम-कायदे हैं। यहां तक कि संसद की भाषा तय है। वहां बहुत सारे शब्दों का इस्तेमाल वर्जित है। वहां किसी भी ऐसे शब्द का उपयोग नहीं किया जा सकता, जिसे असंसदीय करार दिया गया है। इसलिए वहां बोलने के लिए सांसद पहले से तैयारी करके आते हैं। ऐसा नहीं माना जा सकता कि बिधूड़ी इससे अनजान हैं।

सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस संकल्प के साथ नए संसद भवन में प्रवेश किया कि उसमें लोकतंत्र की मर्यादाएं और प्रगाढ़ होंगी, मगर विचित्र है कि उसी सत्र में बिधूड़ी का ऐसा आपत्तिजनक आचरण सामने आ गया। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अगली बार से ऐसा आचरण सामने आया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दलों ने हंगामा किया तो पार्टी अध्यक्ष ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पंद्रह दिन के भीतर जवाब देने को कहा। मगर विपक्षी दलों का तर्क है कि जब दूसरे दलों के नेताओं से सदन में मामूली चूक होती है तो भी उन्हें संसद से निलंबित कर दिया जाता है और बिधूड़ी ने एक साथी सांसद को सदन के पटल पर गाली दी, फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। उन्हें चेतावनी देकर क्यों छोड़ दिया गया ? विपक्ष उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग कर रहा है। इस तरह लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका भी प्रश्नांकित होने लगी है।

मगर सबसे अधिक किरकिरी भाजपा को झेलनी पड़ रही है। दरअसल, यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के किसी नेता ने इस तरह किसी विशेष समुदाय के लोगों के लिए ऐसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भरी सभाओं के मंचों से कुछ सांसद और कई नेता ऐसे नफरती भाषण देते देखे सुने गए हैं। सरेआम समुदाय विशेष के प्रति लोगों को हिंसक व्यवहार करने, उनके कारोबार - व्यापार को बंद कराने को उकसाते देखे गए हैं। उन्हें लेकर सर्वोच्च न्यायालय पार्टी और सरकार को सख्त हिदायत दे चुका है। मगर ऐसे नफरती बोल रुक नहीं पा रहे हैं, इसलिए विपक्ष को यह आरोप दोहराने का एक बार फिर मौका मिल गया है कि भाजपा समुदाय विशेष के प्रति नफरत का वातावरण बना कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है। अब जब नफरत की भाषा संसद के भीतर पहुंच गई है, तो स्वाभाविक ही पार्टी से ऐसे प्रतिनिधियों, नेताओं के प्रति सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठने लगी है जब राजनेता खुद अपनी भाषा में संयम और मर्यादा का ध्यान नहीं रख पा रहे, तो उन्हें यह सलीका सिखाने की जिम्मेदारी कौन उठाएगा !

---

***Date:25-09-23***

# विस्थापन का दंश झेलते युद्ध शरणार्थी

**प्रमोद भार्गव**

संयुक्त राष्ट्र में शरणार्थियों के मामलों से जुड़े संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग ( एनएचसीआर) की वैश्विक रुझान रपट को जेनेवा में जारी करते हुए संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी के प्रमुख फिलिपो ग्रैंडी ने कहा कि 'उत्पीड़न और मानवाधिकारों के उल्लंघन के कारण करीब 11 करोड़ लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। यह हमारी वैश्विक स्थिति पर कलंक है। 2022 में करीब 1.9 करोड़ लोग विस्थापित हुए, जिनमें से 1.1 करोड़ से अधिक लोगों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के चलते अपना घर छोड़ा। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग जंग के कारण विस्थापित हुए हैं। यह आपात स्थिति का संकेत है। कुछ समय के भीतर ही पैंतीस प्रकार की आपात स्थितियां सामने आई हैं, जो बीते कुछ वर्षों की तुलना में तीन से चार गुना अधिक हैं।' ग्रैंडी ने तर्क दिया कि सूडान से पश्चिमी नागरिकों को निकाले जाने के बाद वहां हो रहे संघर्ष की खबर अधिकांश अखबारों से गायब रही। सूडान में इस संघर्ष के चलते अप्रैल 2023 के बाद से अब तक बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं कांगो गणराज्य, इथियोपिया और म्यांमा में संघर्ष के चलते करीब 10-10 लाख लोग अपने मूल आवास और देश छोड़ने पर विवश हुए हैं। हालांकि उन्होंने सकारात्मक जानकारी देते हुए संतोष जाहिर किया कि '2022 में एक लाख 14 हजार शरणार्थियों का पुनर्वास किया गया, जो 2021 की तुलना में दोगुना है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग ने रूस- यूक्रेन युद्ध के दस दिन पूरे होने के बाद रपट दी थी कि हवाई और मिसाइल हमलों से बचने के लिए दस लाख से ज्यादा नागरिक यूक्रेन से पलायन कर चुके हैं। बीती एक शताब्दी में इतनी तेज गति से कहीं भी पलायन नहीं हुआ है। ये लोग रोमानिया, पोलैंड, मोलडोवा, स्लोवाकिया, हंगरी और बेलारूस में शरण ले रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा 6.5 लाख लोग पोलैंड की शरण में हैं। कुछ लोग निकटवर्ती रूस के सीमा क्षेत्र में भी चले गए हैं। सबसे कम शरणार्थी बेलारूस पहुंच रहे हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि बेलारूस रूस का सहयोगी देश है। विश्व बैंक के

मुताबिक 2020 के अंत में यूक्रेन की आबादी 4.4 करोड़ थी। एनएचसीआर ने आशंका जताई है कि अगर हालात और बिगड़ते हैं, तो चालीस लाख से भी ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को पड़ोसी देशों में शरण लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। इससे पहले 2011 में सीरिया में छिड़े गृहयुद्ध के चलते बड़ी संख्या में पलायन शुरू हुआ था, जो 2018 में अमेरिका द्वारा किए हमले तक जारी रहा।

अमेरिका ने अपने मित्र देश ब्रिटेन और फ्रांस के साथ मिलकर सीरिया पर मिसाइल हमला बोला था। सीरिया में मौजूद रासायनिक हथियारों के भंडारों को नष्ट करने के मकसद से 105 मिसाइलें दागी गई थीं। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की ये मिसाइलें राजधानी दमिश्क और होम्स शहरों पर बरसाई गई थीं। इसमें रासायनिक हथियारों के भंडार और वैज्ञानिक शोध केंद्रों को निशाना बनाया गया। इससे कई इमारतों में आग लग गई और दमिश्क धुएं के गुबार से ढंक गया था। ऐसे ही दृश्य आजकल यूक्रेन में रूसी हमले से देखने में आ रहे हैं। अमेरिका ने इराक पर भी जैविक और रासायनिक हथियारों की आशंका के चलते हमला बोला था।

करीब साढ़े सात वर्ष चले सीरिया युद्ध में पांच लाख से ज्यादा लोग मारे गए थे। एक करोड़ लोगों ने शरणार्थी के रूप में विस्थापन का दंश झेला, इनमें से 67 लाख आज भी अनेक देशों में शरणार्थी बने हुए हैं। ये शरणार्थी जिन देशों में रह रहे हैं, उनमें भी अपनी कट्टरता के चलते संकट का सबब बने हुए हैं। जर्मनी ने सबसे ज्यादा विस्थापितों को शरण दी थी। दरअसल, 7 अप्रैल, 2018 को सत्तर नागरिकों की रासायनिक हमले से मौत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जवाबी कार्यवाही करने का बीड़ा उठाया था । इसे उन्होंने अंजाम तक भी पहुंचा दिया था। शायद इसीलिए रूस के उप प्रधानमंत्री आर्केडी वोरकोविच ने तब ट्रंप को जवाब देते हुए कहा था कि 'अंतरराष्ट्रीय संबंध एक शख्स के मिजाज पर निर्भर नहीं होने चाहिए।' यूक्रेन युद्ध में ट्रंप जैसा मिजाज ब्लादिमीर पुतिन भी दिखा रहे हैं और शक्तिशाली अमेरिका जैसे देश इस आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। इसी कारण युद्ध अनवरत बना हुआ है।

यूक्रेन की एनएचसीआर प्रतिनिधि कैरोलिना ने कहा है कि 'दुनिया उन लोगों के आंकड़ों पर गौर कर रही है, जिन्होंने पड़ोसी देशों में शरण ली हुई है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि प्रभावित लोगों की सबसे बड़ी संख्या यूक्रेन के भीतर अब भी मौजूद है। हमारे पास इन आंतरिक विस्थापित नागरिकों के कोई विश्वसनीय आंकड़े नहीं हैं।' एनएचसीआर का कहना है कि लाखों लोग देश के भीतर ही विस्थापन का दंश और दहशत झेलने को विवश हैं, जो फिलहाल रेल, बस, कार या बंकरों में रहते हुए प्राण बचाने की कोशिश में लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी की वैश्विक रपट के मुताबिक बीस वर्ष पहले की तुलना में विस्थापन का संकट दोगुना बढ़ गया है। 2019 तक आंतरिक रूप से विस्थापितों की कुल संख्या 4 करोड़ 13 लाख थी। इनमें से 1 करोड़ 36 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें 2018 में विस्थापित होना पड़ा था।

यह सही है कि विकसित देश अपने वर्चस्व के लिए युद्ध के हालात पैदा करते हैं, जैसा कि हम यूक्रेन के परिप्रेक्ष्य में अमेरिका और रूस के वर्चस्व की लड़ाई देख रहे हैं। ये वही देश हैं, जिन्होंने 1993 तक तीसरी परमाणु शक्ति रहे देश यूक्रेन से 1994 में बुडापेस्ट परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कराकर उसके सभी परमाणु हथियार समुद्र में नष्ट करा दिए थे। अमेरिका और ब्रिटेन ने यूक्रेन को इस समझौते के लिए राजी किया था और इन्हीं देशों के साथ रूस ने भी सहमति जताते हुए यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी ली थी। लेकिन अब रूस ने सीधा यूक्रेन पर हमला बोल दिया और अमेरिका और ब्रिटेन दूर खड़े रहकर तमाशा देख रहे हैं।

बावजूद इसके, यही वे अमीर देश हैं, जो सबसे ज्यादा युद्ध और पर्यावरण शरणार्थियों को शरण देते हैं। 2015 में सीरिया में भड़की हिंसा से बचने के लिए लाखों लोगों ने जान जोखिम में डाल कर महिलाओं और बच्चों के साथ भूमध्य सागर को पार कर ग्रीस और इटली में शरण ली थी। इन दोनों देशों ने तब कहा था कि समय के मारे शरणार्थियों को आश्रय देने की नीति बनाना आवश्यक है। वेनेजुएला में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के चलते चालीस लाख से ज्यादा लोगों ने पलायन किया था। इनमें से बमुश्किल पांच लाख लोग औपचारिक शरणार्थियों के दर्जे में हैं। युद्ध और गृहयुद्ध के हालात के चलते सबसे ज्यादा सीरिया के 67 लाख, अफगानिस्तान के 27 लाख, दक्षिण सूडान के 23 लाख, म्यांमा के 11 लाख और सोमालिया के 9 लाख लोग शरणार्थी के रूप में विभिन्न विकसित देशों के सीमांत इलाकों में शरण लिए हुए हैं। भारत में बांग्लादेश और म्यांमा के गृहयुद्ध से पलायन किए करीब चार करोड़ लोगों ने घुसपैठ की हुई है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी की 2019 में आई रपट के मुताबिक कुल 7 करोड़ 95 लाख विस्थापितों में से 4 करोड़ 57 लाख सांप्रदायिक, नस्लीय, जातीय हिंसा और पर्यावरणीय तथा प्राकृतिक आपदाओं के कारण अपने ही देश में विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ताकतवर देशों की सनक के चलते कमजोर देशों पर युद्ध थोपा जाए और लाखों लोग शरणार्थी का अभिशप्त जीवन जीने को विवश हो जाएं।

---

राष्ट्रीय सहारा

*Date:25-09-23*

# महिलाओं के भरोसे तरक्की

**संपादकीय**



हमारा देश शुरू से ही पुरुष प्रधान है, लेकिन जब से हमारी सरकारी बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में यह कहा। वे 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में पांच हजार महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा तीन दशकों से यह कानून लटका हुआ था। आपकी ही ताकत है कि ऐसी-ऐसी पार्टियों को समर्थन में आना पड़ा, जो पहले इसका विरोध करते नहीं थकती थीं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज देश की तरक्की में भागीदारी निभा रही हैं। अपने हुनर से इलाके में पहचान बना रही हैं। क्रिकेट के जरिए भारत के दुनिया से जुड़ने की भी बात उन्होंने की। एक शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर दूसरा काशी को बताते हुए उन्होंने चंद्रयान के लैंड होने का एक माह पूरा होने की चर्चा भी की। कुछ ही दिन पहले मोदी अपने संबोधन में कह चुके हैं कि महिलाएं समृद्ध होती हैं तो दुनिया समृद्ध होती है।

जैसा कि उन्होंने मुद्रा योजना की बात की, जिसके तहत 70 फीसद महिलाओं ने ऋण लिए। एक अन्य योजना स्टैंड-अप के तहत भी 80 फीसद लाभार्थी महिलाएं हैं जो छोटे-छोटे रोजगार के माध्यम से अच्छी कमाई कर रही हैं। हालांकि देश में कामगार महिलाओं की संख्या अभी भी सीमित है। बुनियादी रूप से इसमें सामाजिक/पारिवारिक कारण आड़े आते हैं। खासकर मजदूरिनों या कृषि कार्यों में जुड़ी श्रमिकों की संख्या में बीते साल काफी गिरावट दर्ज की गई। यह सच है कि नई लड़कियां पढ़ रही हैं और आर्थिक रूप से मजबूत होती जा रही हैं, परंतु यह स्याह सत्य झुठलाया नहीं जा सकता कि नौकरियों का संकट है और बेरोजगारी थम नहीं रही। ऐसे में संघषर्शील महिलाएं जोखिम लेकर सरकारी योजनाओं की मदद से लघु रोजगारों में हाथ आजमा रही हैं। अपने पुरुष प्रधान समाज में खास तब्दीली अभी नहीं आनी। आरक्षण का लाभ भी महिलाओं को तुरंत मिलने नहीं जा रहा। अभी इस पर राजनीति हावी रहेगी। नि:संदेह मोदी सरकार इसका पूरा श्रेय आने वाले चुनाव में लेने से नहीं चूकने वाली। महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या पर सबकी कड़ी नजर है। वक्त बताएगा कि सशक्त हो रही महिलाएं अपने विवेक का कितना इस्तेमाल करती हैं और कितना लोक-लुभावन वादों की तरफ झुकती हैं।

---

***Date:25-09-23***

# होना चाहिए पचास फीसद

**विनीत नारायण**

तैंतीस फीसदी ही क्यों, पचास फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए होना चाहिए। इस पचास फीसदी में दलित और वंचित समाज की महिलाओं का कोटा भी आरक्षित होना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष बाद देश की आधी आबादी को विधायिका में एक तिहाई आरक्षण का कानून पास करके पक्ष और विपक्ष भले ही अपनी पीठ थपथपा लें पर ये कोई बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। जब महिलाएं देश की आधी आबादी है, तो उन्हें उनके अनुपात से भी कम आरक्षण देने का औचित्य क्या है?

क्या महिलाएं परिवार, समाज और देश के हित में सोचने, समझने, निर्णय लेने और कार्य करने में पुरु षों से कम सक्षम हैं? जो व्यवस्था की जा रही है, उससे तो यही लगता है। देखा जाए तो वे पुरु षों से ज्यादा सक्षम हैं, और हर कार्य क्षेत्र में नित्य अपनी सफलता के झंडे गाढ़ रही हैं। यहां तक कि भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान की पायलट तक महिलाएं बन चुकी हैं। दुनिया की अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सीईओ तक भारतीय महिलाएं हैं। अनेक देशों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पद पर महिलाएं चुनी जा चुकी हैं, और सफलतापूर्वक कार्य करती रही हैं। अगर जमीनी स्तर पर देखा जाए तो उस मजदूरिन का ध्यान कीजिए जो नौ महीने तक गर्भ में बालक को रखे हुए भवन निर्माण के काम में कठिन मजदूरी करती है, और उसके बाद सुबह-शाम अपने परिवार के भरण-पोषण का जिम्मा भी उठाती है। अक्सर इतना ही काम करने वाले पुरुष मजदूर मजदूरी करने के बाद या तो पलंग तोड़ते हैं, या दारू पी कर घर में तांडव करते हैं।

हमारे देश की राष्ट्रपति जिस जनजातीय समाज से आती हैं वहां की महिलाएं घर और खेती के दूसरे सब काम करने के अलावा ईंधन के लिए लकड़ी भी बीन कर लाती हैं। कह सकते हैं कि देश के दूरदराज के इलाकों में महिलाओं को ऐसी ही

कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। जब हर कार्य क्षेत्र में महिलाएं पुरु षों से आगे हैं, तो उन्हें आबादी में उनके अनुपात के मुताबिक प्रतिनिधित्व देने में हमारे पुरुष प्रधान समाज को इतना संकोच क्यों है? जो अधिकार उन्हें दिए जाने की घोषणा संसद के विशेष अधिवेशन में दी गई वो भी अभी 5-6 वर्षो तक लागू नहीं होगी। तो उन्हें मिला ही क्या कोरे आसन के सिवाय। इस संदर्भ में कुछ अन्य खास बातों पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है। आज के दौर में ग्राम प्रधान और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष पद के लिए तथा महानगरों के मेयर पद के लिए जो सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, उनका क्या हश्र हो रहा है, यह भी देखने और समझने की बात है। देश के हिन्दी भाषी प्रांतों में एक नया नाम प्रचलित हुआ है, 'प्रधान पति'। मतलब यह कि महिलाओं के लिए आरक्षित इन सीटों पर चुनाव जितवाने के बाद उनके पति ही उनके दायित्वों का निर्वाह करते हैं। ऐसी सब महिलाएं प्राय: अपने पति की 'रबड़ स्टाम्प' बन कर रह जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि हर शहर के एक स्कूल और एक कॉलेज में नेतृत्व प्रशिक्षण का कोर्स चलाया जाए जिसमें दाखिला लेने वाली महिलाओं को इन भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाए, जिससे भविष्य में उन्हें अपने पतियों पर निर्भर न रहना पड़े।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालयों से भी ये निर्देश जारी हों कि ऐसी सभी चुनी गई महिलाओं के पति या परिवार के कोई अन्य पुरुष सदस्य अगर उनका प्रतिनिधत्व करते हुए पाए जाएंगे तो इसे दंडनीय अपराध माना जाएगा। उस क्षेत्र का कोई भी जागरूक नागरिक उसकी इस हरकत की शिकायत कर सकेगा। आज तो होता यह है कि जिला स्तर की बैठक हो या प्रदेश स्तर की या चुनी हुई इन प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण का शिविर हो, हर जगह पत्नी के बॉडीगार्ड बन कर पति मौजूद रहते हैं। यहां तक कि चुनाव के दौरान और जीतने के बाद भी इन महिला प्रतिनिधियों के होर्डिंगों पर इनके चित्र के साथ इनके पति का चित्र भी प्रमुखता से प्रचारित किया जाता है। इस पर भी चुनाव आयोग को प्रतिबंध लगाना चाहिए। कोई भी होर्डिंग ऐसा न लगे जिसमें 'प्रधान पति' का नाम या चित्र हो।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे समाज में चली आ रही इन रूढ़िवादी बातों पर हमेशा से जोर दिया गया है कि घर की महिला जब भी घर की चौखट से पांव बाहर रखेगी तो उसके साथ घर का कोई न कोई पुरुष अवश्य होगा। इन्हीं रूढ़िवादी सोच के चलते महिलाओं को घर की चारदिवारी में ही सिमट कर रहना पड़ा परंतु जैसे सोच बदलने लगी तो महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिए जाने में किसी को कोई गुरेज नहीं।

आज महिलाएं पुरु षों के साथ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां वे अपनी धाक न जमा रही हों। इसलिए महिलाओं को पुरु षों से कम नहीं समझा जाना चाहिए। कहा जाना जरूरी है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक लाकर सरकार ने अच्छी पहल की है किंतु इसके बावजूद महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलने में वर्षो की देरी के कारण ही विपक्ष आज सरकार को घेर रहा है।

वैसे हमें इस भ्रम में भी नहीं रहना चाहिए कि सभी महिलाएं पाक-साफ या दूध की धुली होती हैं, और बुराई केवल पुरु षों में होती है। पिछले कुछ वर्षो में देश के अलग-अलग प्रांतों में निचले स्तर के अधिकारियों से लेकर महिला आईएएस और आईपीएस अधिकारी तक बड़े-बड़े घोटालों में लिप्त पाई गई हैं। इसलिए यह मान लेना कि महिला आरक्षण देने के बाद सब कुछ रातोंरात सुधर जाएगा, हमारी नासमझी ही होगी। जैसी बुराई पुरुष समाज में है, वैसी ही बुराइयां महिला समाज में भी हैं क्योंकि समाज का कोई एक अंग दूसरे अंग से अछूता नहीं रह सकता। पर कुछ अपवादों के आधार पर यह फैसला करना कि महिलाएं अपने प्रशासनिक दायित्वों को निभाने में सक्षम नहीं हैं- इसलिए फिलहाल उन्हें एक-तिहाई सीटों पर ही आरक्षण दिया जा रहा है-ठीक नहीं है। यह सूचना कि भविष्य में उन्हें इनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण

दे दिया जाएगा, सपने दिखाने जैसा है। अगर हमारी सोच नहीं बदली और मौजूदा ढर्रे पर ही महिलाओं के नाम पर यह खानापूर्ति होती रही तो पक्की बात है कि भविष्य में कभी कुछ नही बदलने वाला। कुछ नहीं बदलेगा।

---

***Date:25-09-23***

# न विकास प्रभावित हो और न किसान हित पर चोट आए

**हिमांशु, ( एसोशिएट प्रोफेसर, जेएनयू )**

सरकार के लिए महंगाई लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है। यहां तक कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई के उच्चतम स्तर 11.5 फीसदी से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत हो गई। बावजूद इसके यह अब भी ज्यादा है। यह गिरावट मुख्यत: सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण आई है, जो जुलाई की 37.4 फीसदी की तुलना में अगस्त में 26.1 प्रतिशत थी। हालांकि, अनाज और दालों में महंगाई दोहरे अंकों में बनी हुई है, जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर गिरावट की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी अपने मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। मगर अधिकारियों को महंगाई कम करने का महत्वपूर्ण काम सौंपा गया है। 25 अगस्त को भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित बी-20 बैठक में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भी कि ब्याज दरें बढ़ाकर महंगाई नियंत्रित करने की कीमत आर्थिक विकास को चुकानी पड़ सकती है।

स्पष्ट है, दबाव और प्रतिबंधों के माध्यम से महंगाई को काबू में करने के प्रयास काफी हद तक विफल रहे हैं। घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण कई खाद्य वस्तुओं, विशेषकर अनाज व दालों में महंगाई दिख रही है। गेहूं का उत्पादन गरमी और बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित हुआ, तो चावल के लिए कम व असमान वर्षा जिम्मेदार है। फिर, अंतरराष्ट्रीय कीमतों ने भी अपनी भूमिका निभाई, मगर हमारी जवाबी प्रतिक्रिया से मामला और खराब हो गया। दुनिया को खिलाने का दावा करने के तुरंत बाद मई, 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। स्टॉक सीमा पर बाद की कार्रवाइयों से कीमतों के बढ़ने का ही डर पैदा हुआ। चावल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। सामान्य किस्म चावल के निर्यात पर प्रतिबंध के बाद बासमती चावल के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य तय किए गए। दालों का भी यही हाल है। पिछले दो वर्षों से उनका उत्पादन घट रहा है। अरहर के उत्पादन का लक्ष्य 46 लाख टन रखा गया था, लेकिन तीसरा अग्रिम अनुमान बता रहा है कि इस साल अरहर का उत्पादन करीब 34 लाख टन रह सकता है, जो साल 2018-19 के बाद सबसे कम होगा।

जहां महंगाई कम करने के लिए उठाए गए कदम काफी हद तक बेअसर रहे और दो वर्षों से खरीद लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया जा रहा, वहीं महंगाई कम करने के उपाय किसानों पर भारी पड़ने लगे हैं। यह देखते हुए कि आपूर्ति में झटका लगना ही था, किसानों से अधिक प्राप्त करने के लिए खरीद मूल्य बढ़ाना एक बेहतर रणनीति होती। अनाज व दालों की अधिकाधिक सरकारी खरीद और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) द्वारा उनके वितरण से महंगाई के बावजूद लोगों का खान-पान प्रभावित नहीं होता। इससे बढ़ती लागत और मौसम की मार से पीड़ित किसानों को भी मदद मिलती।

इसके बजाय, कोरोना के दौरान राशन वितरण योजना में जो अतिरिक्त पात्रता जोड़ी गई थी, उसे वापस ले लिया गया। इन सबसे बाजार में सिर्फ घबराहट पैदा हुई, जिससे कीमतों पर दबाव बढ़ गया। बेशक, किसानों को बाजार में बेहतर कीमतें मिल रही हैं, पर लागत बढ़ जाने से उपज की ऊंची कीमतें भी उनके लिए फायदेमंद नहीं हैं।

महंगाई प्रबंधन असल में राजनीतिक अर्थव्यवस्था का मसला है। जब मुद्रास्फीति आपूर्ति झटके या नीतिगत निर्णयों का नतीजा हो, तो मौद्रिक नीति शायद ही कारगर होती है। मगर बाजार को विकृत करने वाले उपायों से कीमतों पर काबू पाना भी आसान नहीं। दोनों ही सूरत की अपनी कीमत है, फिर चाहे वह बलि विकास की पड़े या किसानों के हितों की। ऐसे समय में, जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था पहले ही संकट में है, बाजार को विकृत करने वाले उपायों से महंगाई का समाधान मुश्किल है। इससे ग्रामीण मांग में कमी आ सकती है, जो सुस्त है और व्यापक आर्थिक सुधार के लिए खतरा भी। जाहिर है, महंगाई कम करने के लिए हमें वैकिल्पक रास्ते तलाशने होंगे, जो आर्थिक विकास या किसानों के हितों को प्रभावित किए बिना उपभोक्ताओं की रक्षा करें।